# !! कार्यालय अधीक्षक जिला जेल हरदा (म0प्र0)!!

(e-mail: jsdjhrd@mp.gov.in, phone-9425660063)

क्रमांक 1790/निर्वाह/2026 हरदा, दिनांक 07-05-2026

प्रति,

**संचालक**
**सूचना एवं प्रकाशन विभाग**
**बाणगंगा भोपाल (म.प्र.)**

**विषयः–** जिला जेल हरदा की वार्षिक ई–निविदा सूचना (तृतीय आमत्रण) वर्ष 2026–27 समाचार पत्रों में प्रकाशित करने बावत्।

**संदर्भः–** जेल मुख्यालय भोपाल का पत्र क्रं. 27959/निर्वाह शाखा/25 दिनांक 22.12.2026

=≈00≈=

उपरोक्त विषयांतर्गत अनुरोध है कि जिला जेल, हरदा में परिरूद्ध बंदियों के लिए खाद्य सामग्रियॉ, सब्जियॉ, फल, स्वच्छता सामग्री, विद्युत तथा एल.पी.जी. गैस संयंत्र सामग्री, भवन निर्माण एवं जल प्रदाय सामग्री, क्रय हेतु वार्षिक ई–निविदायें (तृतीय आमंत्रण) दिनांक **04.06.2026** को शाम 05:00 बजे तक आमंत्रित की गई है।

वार्षिक ई–निविदा सूचना की प्रति संलग्न कर अनुरोध है कि इसका प्रकाशन प्रदेश के ख्याति प्राप्त किन्ही 03 दैनिक समाचार पत्रों व स्थानीय स्तर के दो दैनिक समाचार पत्रों में आवश्यक रूप से दिनांक 04.06.2026 के तीन सप्ताह पूर्व कराने का कष्ट करें।

सलंग्नः– निविदा सूचना की प्रति

(संतोष हरियाल)
सहायक जेल अधीक्षक,
जिला जेल हरदा (म.प्र.)

सहायक जेल अधीक्षक
जिला जेल हरदा (म.प्र.)

पृ0 क्रमांक 1791 से 1808/निर्वाह/2026 हरदा, दिनांक 07-05-2026

प्रतिलिपिः–

1. महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाऐं (म.प्र.) **भोपाल** की ओर निविदा सूचना विज्ञप्ति की दो प्रति प्रेषित कर निवेदन है कि एक प्रति जेल मुख्यालय भोपाल की वेबसाईट www.pcs.mp.gov.in में अपलोड करनें का कष्ट करें।
2. संभागायुक्त, **नर्मदापुरम** की ओर निविदा सूचना की एक प्रति सादर प्रेषित है।
3. जिलाध्यक्ष, **हरदा** की ओर निविदा की एक प्रति सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित कर निवेदन है कि क्रय समिति की कार्यवाही संपन्न कराने हेतु किसी एक उप जिलाध्यक्ष को नामांकित करनें की कृपा करें ताकि क्रय समिति की कार्यवाही संपन्न कराई जा सकें।

....02

4. अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व, अनुविभाग **हरदा** की ओर अग्रेषित कर निवेदन है कि निविदा प्रति सूचना पटल पर चस्पा कर प्रचार–प्रसार करानें का कष्ट करे।
5. प्रबंधक, जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र, **हरदा** की ओर प्रेषित कर अनुरोध है कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जातियों के व्यापारियों को सूचित कर अनु. जाति/जनजाति के पंजीकृत व्यापारियों की सूची उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
6. जिला खाद्य अधिकारी, **हरदा** की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. तहसीलदार, **हरदा** की ओर निविदा सूचना की एक प्रति भेजकर आग्रह है कि निविदा में उल्लेखित सामग्रियों के स्थानीय बाजार भाव दिनांक 04.06.2026 के एक दिवस पूर्व उपलब्ध कराने का कष्ट करें। आपके द्वारा प्रचलित बाजार भाव उपलब्ध नही कराने की स्थिति में निविदा की कार्यवाही की जाना संभव नही होगी, जिससे निविदा के प्रकाशन में किया गया व्यय व्यर्थ हो जावेगा। (सामग्री की सूची संलग्न है)
8. सहायक आयुक्त, जिला सहकारी समिति, **हरदा** को प्रेषित कर आग्रह है कि सभी सहकारी समितियों को निविदा से अवगत कराने हेतु प्रेषित।
9. मुख्य कार्यपालिक अधिकारी, नगर पालिका परिषद, **हरदा** की ओर अग्रेषित कर निवेदन है कि निविदा प्रति सूचना पटल पर चस्पा कर प्रचार–प्रसार करानें का कष्ट करे।
10. सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति, **हरदा** की ओर भेजकर निवेदन है कि निविदा में दर्शाई गई वस्तुओं के प्रचलित बाजार भाव दिनांक 04.06.2026 के एक दिवस पूर्व उपलब्ध कराने का कष्ट करे।
11. जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल,**नर्मदापुरम**, की ओर निविदा विज्ञप्ति एवं शर्तो को व्यापारियों से टीप कराकर प्रति वापस भेजने एवं निविदा का प्रकाशन मध्यप्रदेश के ख्याति प्राप्त किन्ही 03 दैनिक समाचार पत्र व स्थानीय स्तर के दो दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु संचालक, सूचना एवं प्रकाशन विभाग, बाणगंगा रोड, भोपाल की ओर ऑनलाइन प्रेषित करने हेतु सादर निवेदन है।
12. जेल अधीक्षक, जिला जेल **बैतूल**/ सब जेल **पिपरिया**/**सिवनी मालवा**/**मुलताई** एवं **भैरून्दा (नसरूल्लागंज)** की ओर निविदा विज्ञप्ति एवं शर्तो को स्थानीय व्यापारियों से टीप कराकर वापस प्रेषित करने हेतु।
13. स्थानीय प्रतिष्ठित एवं पंजीकृत व्यापारियों को व्यापक प्रचार–प्रसार टीप हेतु प्रेषित।
14. जिला जेल, हरदा में सूचना पटल पर चस्पा कर प्रचार–प्रसार करने हेतु।

(संतोष हरियाल)
सहायक जेल अधीक्षक,
जिला जेल हरदा (म.प्र.)

सहायक जेल अधीक्षक
जिला जेल हरदा (म.प्र.)

# !! कार्यालय अधीक्षक, जिला जेल हरदा (म.प्र.)!!

(दूरभाष क्रमांकः–9425660063)

क्रमांक/789/निर्वाह/2026 हरदा, दिनांक 07–05–2026

## ई–टेण्डरिंग निविदा वित्तीय वर्ष 2026–27

**Email_ jsdjhrd@mp.gov.in & districtjailharda@gmail.com**

### ई–निविदा सूचना (तृतीय आमंत्रण)

**म.प्र. जेल पूर्ति नियम 1968 एवं म.प्र. भण्डार क्रय नियम के अंतर्गत (फार्म (अ) नियम 6 देखिये)**

समस्त पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि जिला जेल, हरदा में परिरूद्ध बंदियों के लिए खाद्य सामग्री, सब्जी, फल, स्वच्छता सामग्री, विद्युत तथा एल.पी.जी. गैस संयंत्र सामग्री, भवन निर्माण एवं जल प्रदाय सामग्री, क्रय हेतु वार्षिक निविदायें ई–टेण्डरिंग के माध्यम से बेवसाइट http//www.mpeproc.gov.in पर दिनांक **04.06.2026** को शाम 05.00 बजे तक आमत्रिंत की जाती है। इच्छुक व्यापारीगण सबंधित जेल की बेवसाइट पर जाकर निविदा की सूचना प्राप्त कर सकते है।

निविदा में संशोधन की स्थिति में बेवसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमत्रंण सूचना व अन्य शर्तो से सबंधित जानकारी उक्त बेवसाइट पर ही देखी जा सकेगी।

(संतोष हरियाल)
सहायक जेल अधीक्षक,
जिला जेल हरदा (म.प्र.)

सहायक जेल अधीक्षक
जिला जेल हरदा (म.प्र.)

# !! कार्यालय अधीक्षक, जिला जेल हरदा (म.प्र.)!!

(दूरभाष क्रमांकः–9425660063)

## ई–टेण्डरिंग निविदा (तृतीय आमंत्रण) वर्ष 2026–27

**Email_ jsdjhrd@mp.gov.in & districtjailharda@gmail.com**

## ई–निविदा सूचना (तृतीय आमंत्रण)

| क्र. | विवरण | दिनांक / समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 01 | प्री–बिड मिटिंग | दिनांक 28.05.2026 दोपहर 12:00 बजे | जेल अधीक्षक कार्यालय, जिला जेल, हरदा |
| 02 | निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि, निविदा फार्म का मूल्य रु.1000/– प्रति फार्म राशि ऑनलाईन महालेखाकार ग्वालियर म.प्र. शीर्ष 0056, जेले–800 अन्य प्राप्तियों में जमा की जावेगी, यदि निविदा की कुल रकम 5.00 लाख से कम हो तो निविदा फार्म क्रय की राशि 500/– प्रति फार्म देय होगी। | दिनांक 04.06.2026 शाम 05:00 बजे तक | www.mpeproc.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 03 | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि। | दिनांक 04.06.2026 शाम 05:00 बजे तक | www.mpeproc.gov.in पर ऑनलाईन स्वीकार की जावेगी। |
| 04 | नमूना जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 04.06.2026 शाम 05:00 बजे तक | जेल अधीक्षक कार्यालय, जिला जेल, हरदा |
| 05 | तकनीकी निविदा (आवश्यक दस्तावेज) ऑनलाईन खोलने की तिथि | दिनांक 05.06.2026 दोपहर 02:00 बजे | जेल अधीक्षक कार्यालय, जिला जेल, हरदा |
| 06 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 08.06.2026 दोपहर 12:00 बजे | जेल अधीक्षक कार्यालय, जिला जेल, हरदा |

(संतोष हरियाल)
सहायक जेल अधीक्षक,
जिला जेल हरदा (म.प्र.)

सहायक जेल अधीक्षक
जिला जेल हरदा (म.प्र.)

# !! कार्यालय अधीक्षक, जिला जेल हरदा (म.प्र.)!!

## वार्षिक ठेका वर्ष 2026–27 (तृतीय आमंत्रण)

## खाद्यान्न सामग्री की सूची (खण्ड 01)

| क्र | सामग्री का नाम | मात्रा | किस्म | कैफियत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गेहूँ | 700 क्विंटल | औसत | शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था से प्राप्त न होने पर क्रय किया जावेगा। नमूना प्रस्तुत करें। |
| 2 | चावल | 300 क्विंटल | औसत | शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था से प्राप्त न होने पर क्रय किया जावेगा। नमूना प्रस्तुत करें। |
| 3 | तुअर दाल | 50 क्विंटल | औसत | नमूना प्रस्तुत करें। |
| 4 | मूंग दाल | 50 क्विंटल | औसत | नमूना प्रस्तुत करें। (मूंग दाल छिलका सहित) |
| 5 | उड़द दाल | 30 क्विंटल | औसत | नमूना प्रस्तुत करें। |
| 6 | चना दाल | 50 क्विंटल | औसत | नमूना प्रस्तुत करें। |
| 7 | मसूर दाल | 15 क्विंटल | औसत | नमूना प्रस्तुत करें। |
| 8 | देशी चना कच्चा | 30 क्विंटल | औसत | नमूना प्रस्तुत करें। |
| 9 | मक्का | 01 क्विंटल | औसत | नमूना प्रस्तुत करें। |
| 10 | पिसा नमक | 50 क्विंटल | औसत | ब्रांडेड कंपनी का आयोडाइज नमक क्रय किया जावेंगे, ब्राण्ड का उल्लेख करें। |
| 11 | पिसी मिर्च | 05 क्विंटल | औसत | शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था / खादी ग्राम उद्योग से प्राप्त न होने पर व्यापारी से ब्रांडेड कंपनी के क्रय किये जावेंगे, ब्राण्ड का उल्लेख करें। |
| 12 | पिसी हल्दी | 05 क्विंटल | औसत | शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था / खादी ग्राम उद्योग से प्राप्त न होने पर व्यापारी से ब्रांडेड कंपनी के क्रय किये जावेंगे, ब्राण्ड का उल्लेख करें। |
| 13 | पिसी धनिया | 05 क्विंटल | औसत | शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था / खादी ग्राम उद्योग से प्राप्त न होने पर व्यापारी से ब्रांडेड कंपनी के क्रय किये जावेंगे, ब्राण्ड का उल्लेख करें। |
| 14 | पिसा गरम मसाला | 04 क्विंटल | औसत | शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था / खादी ग्राम उद्योग से प्राप्त न होने पर व्यापारी से ब्रांडेड कंपनी के क्रय किये जावेंगे, ब्राण्ड का उल्लेख करें। |
| 15 | वनस्पति घी | 08 क्विंटल | औसत | पैक प्लास्टिक जार में शुद्ध वजन के आधार पर लिया जावेगा। व्यापारी से ब्रांडेड कंपनी के क्रय किये जावेंगे। |
| 16 | इमली बीज रहित | 08 क्विंटल | औसत | नमूना प्रस्तुत करें। |
| 17 | अमचूर | 02 क्विंटल | औसत | नमूना प्रस्तुत करें। |
| 18 | गुड़ | 08 क्विंटल | औसत | नमूना प्रस्तुत करें। |
| 19 | शक्कर | 50 क्विंटल | औसत | शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था से प्राप्त न होने पर क्रय किया जावेगा। नमूना प्रस्तुत करें। |
| 20 | मुंगफल्ली दाना | 02 क्विंटल | औसत | नमूना प्रस्तुत करें। |
| 21 | साबुदाना | 02 क्विंटल | औसत | नमूना प्रस्तुत करें। |
| 22 | सोयाबीन तेल | 40 क्विंटल | औसत | पैक जार में शुद्ध वजन के आधार पर लिया जावेगा, ब्राण्ड का उल्लेख करें। |
| 23 | चायपत्ती | 05 क्विंटल | औसत | डिस्ट्रीब्यूटर्स / एजेंसी से प्राप्त नही होने पर व्यापारी से क्रय किये जावेंगे, ब्राण्ड का उल्लेख करें। |
| 24 | दूध | 15000 लीटर | औसत | शासकीय दुग्ध संघ से प्राप्त न होने पर क्रय किया जावेगा। अति आवश्यक परिस्थितियॉं हेतु। |
| 25 | दही | 1000 लीटर | औसत | ताजी एवं गुणवत्ता पूर्ण |
| 26 | मट्ठा | 5000 लीटर | औसत | ताजी एवं गुणवत्ता पूर्ण |
| 27 | पोहा | 20 क्विंटल | औसत | नमूना प्रस्तुत करें। |
| 28 | रवा | 01 क्विंटल | औसत | नमूना प्रस्तुत करें। |
| 29 | नमकीन मिक्चर | 01 क्विंटल | औसत | ताजा पैक मे क्रय किया जावेगा। मिक्चर की पैकिंग प्रदाय दिनांक से दो माह से अधिक का अंतराल नही होना चाहिये। प्रति पैक 500 ग्राम |
| 30 | बिस्किट | 01 क्विंटल | औसत | अच्छी किस्म के ताजा पैक मे क्रय किया जावेगा। बिस्केट पैकेट 25 ग्राम 40 ग्राम 50 ग्राम 100 ग्राम के पैक में स्वीकार किये जावेगे। ब्राण्ड का उल्लेख करें |

...2

| क्र. | सामग्री का नाम | मात्रा | किस्म | कैफियत |
|---|---|---|---|---|
| 31 | टोस्ट | 05 क्विंटल | औसत | अच्छी किस्म के ताजा पैक मे क्रय किया जावेगा। टोस्ट पैकेट 01 किलो ग्राम 02 किलो ग्राम 05 किलो ग्राम के पैक में स्वीकार किये जावेगें। |
| 32 | ज्वार | 01 क्विंटल | औसत | नमूना प्रस्तुत करे। |
| 33 | जीरा | 10 किलो | औसत | अच्छी किस्म का ब्राण्ड का उल्लेख करें। |
| 34 | अण्डा (मुर्गी का) | 1000 नग | औसत | अच्छी किस्म के |
| 35 | राजमा | 01 क्विंटल | औसत | नमूना प्रस्तुत करे अथवा ब्राण्ड का उललेख करें। |
| 36 | नमक सेंधा | 30 किलो | औसत | नमूना प्रस्तुत करे अथवा ब्राण्ड का उललेख करें। |
| 37 | सोयाबीन बडी | 05 क्विंटल | औसत | नमूना प्रस्तुत करे अथवा ब्राण्ड का उललेख करें। |
| 38 | पिन्ड खजूर | 50 किलो | औसत | नमूना प्रस्तुत करे अथवा ब्राण्ड का उललेख करें। |
| 39 | आम का अचार | 01 क्विंटल | औसत | नमूना प्रस्तुत करे अथवा ब्राण्ड का उललेख करें। |
| 40 | जलाऊ लकड़ी | 100 क्विंटल | औसत | सूखी जलाऊ लकड़ी भोजन पकाने के लिए |

(संतोष हरियाले)
सहायक जेल अधीक्षक,
जिला जेल हरदा (म.प्र.)

सहायक जेल अधीक्षक
जिला जेल हरदा (म.प्र.)

# !! कार्यालय अधीक्षक, जिला जेल हरदा (म.प्र.)!!

वार्षिक ठेका वर्ष 2026–27(तृतीय आमंत्रण)

सब्जी की सूची (खण्ड 02)

| क्र | सामग्री का नाम | मात्रा | किस्म | कैफियत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्याज | 25 क्विंटल | ताजी एवं अच्छी किस्म की | जेल बगीचा से प्राप्त न होने की दशा मे क्रय किया जावेगा। |
| 2 | आलू | 100 क्विंटल | ताजी एवं अच्छी किस्म की | ——— |
| 3 | लौकी | 50 क्विंटल | ताजी एवं अच्छी किस्म की | ——— |
| 4 | पत्ता गोभी | 50 क्विंटल | ताजी एवं अच्छी किस्म की | ——— |
| 5 | फूल गोभी | 40 क्विंटल | ताजी एवं अच्छी किस्म की | ——— |
| 6 | भिण्डी | 40 क्विंटल | ताजी एवं अच्छी किस्म की | ——— |
| 7 | गिलकी | 40 क्विंटल | ताजी एवं अच्छी किस्म की | ——— |
| 8 | कद्दू | 100 क्विंटल | ताजी एवं अच्छी किस्म की | ——— |
| 9 | टमाटर | 50 क्विंटल | ताजी एवं अच्छी किस्म की | ——— |
| 10 | हरी मिर्च | 07 क्विंटल | ताजी एवं अच्छी किस्म की | ——— |
| 11 | हरा धनिया | 07 क्विंटल | ताजी एवं अच्छी किस्म की | ——— |
| 12 | बैंगन | 50 क्विंटल | ताजी एवं अच्छी किस्म की | ——— |
| 13 | बरबटी | 07 क्विंटल | ताजी एवं अच्छी किस्म की | ——— |
| 14 | पालक भाजी | 20 क्विंटल | ताजी एवं अच्छी किस्म की | ——— |
| 15 | अरबी | 10 क्विंटल | ताजी एवं अच्छी किस्म की | ——— |
| 16 | लालभाजी | 08 क्विंटल | ताजी एवं अच्छी किस्म की | ——— |
| 17 | करेला | 90 किलो | ताजी एवं अच्छी किस्म की | ——— |
| 18 | फरासबीन फली | 80 किलो | ताजी एवं अच्छी किस्म की | ——— |
| 19 | हरा मटर | 40 क्विंटल | ताजी एवं अच्छी किस्म की | ——— |
| 20 | टिण्डा | 15 क्विंटल | ताजी एवं अच्छी किस्म की | ——— |
| 21 | मैथी भाजी | 10 क्विंटल | ताजी एवं अच्छी किस्म की | ——— |
| 22 | कटहल | 10 क्विंटल | ताजी एवं अच्छी किस्म की | ——— |
| 23 | ककडी | 20 क्विंटल | ताजी एवं अच्छी किस्म की | ——— |
| 24 | सेमफली | 05 क्विंटल | ताजी एवं अच्छी किस्म की | ——— |
| 25 | गाजर | 20 क्विंटल | ताजी एवं अच्छी किस्म की | ——— |
| 26 | मूली | 10 क्विंटल | ताजी एवं अच्छी किस्म की | ——— |
| 27 | शिमला मिर्च | 03 क्विंटल | ताजी एवं अच्छी किस्म की | ——— |
| 28 | नीबू | 90 किलो | ताजी एवं अच्छी किस्म की | ——— |
| 29 | अदरक | 50 किलो | ताजी एवं अच्छी किस्म की | ——— |
| 30 | चुकन्दर | 90 किलो | ताजी एवं अच्छी किस्म की | ——— |
| 31 | सकरकंद | 02 क्विंटल | ताजी एवं अच्छी किस्म की | ——— |
| 32 | सेवफल | 50 किलो | ताजी एवं अच्छी किस्म की | ——— |
| 33 | केले | 80 किलो | ताजी एवं अच्छी किस्म की | ——— |
| 34 | चीकू | 50 किलो | ताजी एवं अच्छी किस्म की | ——— |
| 35 | अंगूर | 80 किलो | ताजी एवं अच्छी किस्म की | ——— |
| 36 | पपीता | 80 किलो | ताजी एवं अच्छी किस्म की | ——— |
| 37 | मौसंबी | 80 किलो | ताजी एवं अच्छी किस्म की | ——— |
| 38 | संतरा | 80 किलो | ताजी एवं अच्छी किस्म की | ——— |
| 39 | अनार | 50 किलो | ताजी एवं अच्छी किस्म की | ——— |

(संतोष हरियाले)
सहायक जेल अधीक्षक,
जिला जेल हरदा (म.प्र.)

सहायक जेल अधीक्षक
जिला जेल हरदा (म.प्र.)

# !! कार्यालय अधीक्षक, जिला जेल हरदा (म.प्र.)!!

## वार्षिक ठेका वर्ष 2026–27 (तृतीय आमंत्रण)

## स्वच्छता सामग्री की सूची (खण्ड 03)

| क. | सामग्री का नाम | मात्रा | किस्म | कैफियत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पीली मिट्टी | 05 क्विंटल | औसत | औसत किस्म |
| 2 | गेरू | 05 क्विंटल | औसत | औसत किस्म |
| 3 | चूना पुताई का | 50 क्विंटल | औसत | औसत किस्म |
| 4 | सीक झाडू | 1000 नग | औसत | औसत किस्म |
| 5 | खजूर झाडू | 3000 नग | औसत | औसत किस्म |
| 6 | मटके (मिट्टी के) | 100 नग | औसत | औसत किस्म |
| 7 | फिनाइल | 100 लीटर | औसत | औसत किस्म |
| 8 | टायलेट क्लिनर | 200 लीटर | औसत | औसत किस्म |
| 9 | नहाने का साबुन | 10 क्विंटल | औसत | निर्धारित मात्रा में 150 ग्राम के पैक में उपलब्ध न होने की स्थिति में 50 एवं 100 ग्राम के पैक में स्वीकार किया जावेगा, ब्राण्ड का नाम लिखें। |
| 10 | कपड़े का साबुन | 40 क्विंटल | औसत | शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था / खादी ग्राम उघोग से प्राप्त न होने पर व्यापारी से कय किया जावेगा। 90 एवं 180 ग्राम के पैक में स्वीकार किये जायेगें, ब्राण्ड का नाम लिखें। |
| 11 | वाशिंग पावडर | 25 क्विंटल | औसत | शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था / खादी ग्राम उघोग से प्राप्त न होने पर व्यापारी से कय किया जावेगा। पावडर 01, 05, 10, 20, 25 किलो ग्राम के पैक में स्वीकार किया जावेगा, ब्राण्ड का नाम लिखें। |
| 12 | सरसों तेल | 02 क्विंटल | औसत | शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था / खादी ग्राम उघोग से प्राप्त न होने पर व्यापारी से कय किया जावेगा। जैसे जार में शुद्ध बजन के आधार पर, ब्राण्ड का नाम लिखें। |
| 13 | कूची (पुताई) | 100 नग | औसत | अच्छी किस्म |
| 14 | नारियल तेल | 02 क्विंटल | औसत | ब्राण्ड का नाम लिखें। |
| 15 | प्लास्टिक जीबी | 2000 नग | औसत | अच्छी किस्म |
| 16 | ऑयल पेंट | 200 लीटर | औसत | अच्छी किस्म |
| 17 | तारपिन | 100 लीटर | औसत | अच्छी किस्म |
| 18 | पुताई ब्रश 04 इंची | 100 नग | औसत | अच्छी किस्म |
| 19 | पुताई ब्रश 06 इंची | 100 नग | औसत | अच्छी किस्म |
| 20 | कंघी | 250 नग | औसत | अच्छी किस्म |
| 21 | लेट्रिन ब्रश | 150 नग | औसत | अच्छी किस्म |
| 22 | बांस झाडू | 150 नग | औसत | अच्छी किस्म |
| 23 | टूथब्रश | 2000 नग | औसत | अच्छी किस्म |
| 24 | प्लास्टिक के मग्गे (01 लीटर) | 500 नग | औसत | ब्राण्ड का नाम लिखें |
| 25 | प्लास्टिक की बाल्टी (50 लीटर) | 100 नग | औसत | ब्राण्ड का नाम लिखें। |
| 26 | सेविंग ब्लेड | 10000 नग | औसत | ब्राण्ड का नाम लिखें |
| 27 | टूथपेस्ट | 1800 नग | औसत | ब्राण्ड का नाम लिखें (30 ग्राम में ) |
| 28 | कोलगेट टूथ पावडर | 100 किलो | औसत | कोलगेट |
| 29 | डस्टबीन (20 लीटर) साईज | 50 नग | औसत | अच्छी किस्म |
| 30 | डस्टबीन (50 लीटर) साईज | 50 नग | औसत | अच्छी किस्म |
| 31 | डस्टबीन (100 लीटर) साईज | 50 नग | औसत | अच्छी किस्म |
| 32 | टेराकोटा | 50 लीटर | औसत | अच्छी किस्म |
| 33 | प्लास्टिक केम्पर (20लीटर क्षमता) | 50 नग | औसत | ब्राण्ड का उल्लेख करें |
| 34 | डिस्टेम्पर | 500 लीटर | औसत | ब्राण्ड का उल्लेख करें |
| 35 | एक्रेलिक चूना | 20 क्विंटल | औसत | अच्छी किस्म |
| 36 | स्टैनर | 10 किलो | औसत | ब्राण्ड का उल्लेख करें |
| 37 | बंदी हेयर कटिंग कैची | 20 नग | औसत | अच्छी किस्म |
| 38 | बंदी दाडी कटिंग उस्तरा | 20 नग | औसत | अच्छी किस्म |
| 39 | नेल कटर | 50 नग | औसत | अच्छी किस्म |
| 40 | सेविंग क्रीम | 25 नग | औसत | अच्छी किस्म |
| 41 | ऑयल पेंट के खाली डिब्बे (बड़े) | 50 नग | औसत | अच्छी किस्म |

सहायक जेल अधीक्षक
जिला जेल हरदा (म.प्र.)

# !! कार्यालय अधीक्षक, जिला जेल हरदा (म.प्र.)!!

## वार्षिक ठेका वर्ष 2026–27 (तृतीय आमंत्रण)

## विघुत/ एल पी जी गेस संयंत्र सामग्री (खण्ड –4)

| क्र. | सामग्री का नाम | मात्रा | किस्म | कैफियत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 7 |
| 1 | एल ई डी बल्ब 09 वाट | 100 नग | कंपनी के ब्रांड का उल्लेख करे | दर प्रति नग प्रस्तुत करें |
| 2 | एल ई डी बल्ब 18 वाट | 80 नग | कंपनी के ब्रांड का उल्लेख करे | दर प्रति नग प्रस्तुत करें |
| 3 | एल ई डी बल्ब 80 वाट | 30 नग | कंपनी के ब्रांड का उल्लेख करे | दर प्रति नग प्रस्तुत करें |
| 4 | एल ई डी. बल्ब 65 वाट | 20 नग | कंपनी के ब्रांड का उल्लेख करे | दर प्रति नग प्रस्तुत करें |
| 5 | बल्ब के होल्डर | 100 नग | कंपनी के ब्रांड का उल्लेख करे | दर प्रति नग प्रस्तुत करें |
| 6 | कापर वायर 1.5 mm | 10 बण्डल | कंपनी के ब्रांड का उल्लेख करे | दर प्रति बंडल प्रस्तुत करें |
| 7 | कापर वायर 2.5 mm | 05 बण्डल | कंपनी के ब्रांड का उल्लेख करे | दर प्रति बंडल प्रस्तुत करें |
| 8 | कापर वायर 4 mm | 05 बण्डल | कंपनी के ब्रांड का उल्लेख करे | दर प्रति बंडल प्रस्तुत करें |
| 9 | कापर वायर 5 mm | 01 बण्डल | कंपनी के ब्रांड का उल्लेख करे | दर प्रति बंडल प्रस्तुत करें |
| 10 | मल्टी वायर | 05 बण्डल | कंपनी के ब्रांड का उल्लेख करे | दर प्रति बंडल प्रस्तुत करें |
| 11 | फेग्जिवल वायर बण्डल | 05 बण्डल | कंपनी के ब्रांड का उल्लेख करे | दर प्रति बंडल प्रस्तुत करें |
| 12 | बिजली फिंटिग पाईप (PVC 0.5") | 05 बंडल | कंपनी के ब्रांड का उल्लेख करे | दर प्रति बंडल प्रस्तुत करें |
| 13 | बिजली फिंटिग पाईप (PVC 1") | 05 बंडल | कंपनी के ब्रांड का उल्लेख करे | दर प्रति बंडल प्रस्तुत करें |
| 14 | बिजली फिंटिग पाईप (PVC 1.5") | 05 बंडल | कंपनी के ब्रांड का उल्लेख करे | दर प्रति बंडल प्रस्तुत करें |
| 15 | स्वीच | 250 नग | कंपनी के ब्रांड का उल्लेख करे | दर प्रति नग प्रस्तुत करें |
| 16 | पावर प्लग | 250 नग | कंपनी के ब्रांड का उल्लेख करे | दर प्रति नग प्रस्तुत करें |
| 17 | पावर पिन | 250 नग | कंपनी के ब्रांड का उल्लेख करे | दर प्रति नग प्रस्तुत करें |
| 18 | टेप रोल | 20 नग | कंपनी के ब्रांड का उल्लेख करे | दर प्रति नग प्रस्तुत करें |
| 19 | एलईडी टयूब लाईट कम्पलीट | 100 नग | कंपनी के ब्रांड का उल्लेख करे | दर प्रति नग प्रस्तुत करें |
| 20 | इनवर्टर बल्ब 10 वाट | 100 नग | कंपनी के ब्रांड का उल्लेख करे | दर प्रति नग प्रस्तुत करें |
| 21 | इनवर्टर बल्ब 20 वाट | 100 नग | कंपनी के ब्रांड का उल्लेख करे | दर प्रति नग प्रस्तुत करें |
| 22 | सीलिंग फेन | 50 नग | कंपनी के ब्रांड का उल्लेख करे | दर प्रति नग प्रस्तुत करें |
| 23 | सीलिंग फेन रेगुलेटर | 50 नग | कंपनी के ब्रांड का उल्लेख करे | दर प्रति नग प्रस्तुत करें |
| 24 | सीलिंग फेन कंडेनसर | 50 नग | कंपनी के ब्रांड का उल्लेख करे | दर प्रति नग प्रस्तुत करें |
| 25 | वाल फेन मीडियम साईज | 50 नग | कंपनी के ब्रांड का उल्लेख करे | दर प्रति नग प्रस्तुत करें |
| 26 | एग्जास्ट फेन 09 इंची | 10 नग | कंपनी के ब्रांड का उल्लेख करे | दर प्रति नग प्रस्तुत करें |
| 27 | एग्जास्ट फेन 12 इंची | 10 नग | कंपनी के ब्रांड का उल्लेख करे | दर प्रति नग प्रस्तुत करें |
| 28 | पंखा वाईडिंग | 50 नग | --- | दर प्रति नग प्रस्तुत करें |
| 29 | घडी सेल | 100 नग | कंपनी के ब्रांड का उल्लेख करे | दर प्रति नग प्रस्तुत करें |
| 30 | प्लायर | 02 नग | कंपनी के ब्रांड का उल्लेख करे | दर प्रति नग प्रस्तुत करें |
| 31 | टेस्टर | 05 नग | कंपनी के ब्रांड का उल्लेख करे | दर प्रति नग प्रस्तुत करें |
| 32 | 7 एच.पी.मोटर वाईडिंग | 02 नग | --- | दर प्रति नग प्रस्तुत करें |
| 33 | नीडल वाल्व आधा इंची 3/8" | 05 नग | --- | दर प्रति नग प्रस्तुत करें |
| 34 | भट्टी बर्नर T-78 | 03 नग | --- | दर प्रति नग प्रस्तुत करें |

....2

| क्र. | सामग्री का नाम | मात्रा | किस्म | कैफियत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 7 |
| 35 | चपाती बर्नर (R-V-3) | 03 नग | --- | दर प्रति नग प्रस्तुत करें |
| 36 | कापर नली 01 फिट वाली | 10 नग | --- | दर प्रति नग प्रस्तुत करें |
| 37 | कापर नली 01-1/2 फिट वाली | 10 नग | --- | दर प्रति नग प्रस्तुत करें |
| 38 | रबर नली | 20 नग | --- | दर प्रति नग प्रस्तुत करें |
| 39 | रेगुलेटर | 20 नग | --- | दर प्रति नग प्रस्तुत करें |
| 40 | बेरिंग ग्रीस | 05 किलो | --- | दर प्रति किलो प्रस्तुत करें |
| 41 | चक्की पट्टा | 30 फीट | -- | दर प्रति फीट प्रस्तुत करें |
| 42 | चक्की के पाट | 02 जोड़ | -- | दर प्रति जोड प्रस्तुत करें |

(संतोष हरियाल)
सहायक जेल अधीक्षक,
जिला जेल हरदा (म.प्र.)
सहायक जेल अधीक्षक
जिला जेल हरदा (म.प्र.)

# !! कार्यालय अधीक्षक, जिला जेल हरदा (म.प्र.)!!

वार्षिक ठेका वर्ष 2026–27 (तृतीय आमंत्रण)

भवन निर्माण / जल प्रदाय सामग्री (खण्ड 5)

| क्र. | सामग्री का नाम | मात्रा | किस्म | कैफियत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सीमेंट (50 कि.'ग्रा. के पैक में) | 200 बोरी | अंबुजा, अल्ट्राटेक, जे.के. | दर प्रति बोरी में प्रस्तुत करें। |
| 2 | व्हाईट सीमेंट(50 कि.ग्रा. के पैक में ) | 10 बोरी | बिरला व्हाईट, जे.के. व्हाईट | दर प्रति बोरी में प्रस्तुत करें। |
| 3 | भसुआ रेत | 1000 घन फीट | -- | दर प्रति घन फीट मे प्रस्तुत करें |
| 4 | रेत | 4000 घन फीट | -- | दर प्रति घन फीट मे प्रस्तुत करें |
| 5 | काली जीरा गिट्टी 10 एम.एम. | 1000 घन फिट | -- | दर प्रति घन फीट मे प्रस्तुत करें |
| 6 | काली गिट्टी 20 एम.एम. | 1000 घन फिट | -- | दर प्रति घन फीट मे प्रस्तुत करें |
| 7 | लोहा सरिया 6 एम एम | 05 क्विंटल | आई एस आई मार्का होना चाहिए | दर प्रति क्विंटल में प्रस्तुत करें |
| 8 | लोहा सरिया 8 एम एम | 05 क्विंटल | आई एस आई मार्का होना चाहिए | दर प्रति क्विंटल में प्रस्तुत करें |
| 9 | लोहा सरिया 10 एम एम | 05 क्विंटल | आई एस आई मार्का होना चाहिए | दर प्रति क्विंटल में प्रस्तुत करें |
| 10 | ईंट | 10000 नग | -- | प्रति हजार नग में प्रस्तुत करें । |
| 11 | पुट्टी (50 कि.'ग्रा. के पैक में ) | 20 बोरी | कंपनी/ब्रांड का उल्लेख करें। | दर प्रति बोरी में प्रस्तुत करें । |
| 12 | पानी की टंकी 500 लीटर | 10 नग | कंपनी/ब्रांड का उल्लेख करें। | दर प्रति नग में प्रस्तुत करें। |
| 13 | पानी की टंकी 1000 लीटर | 10 नग | कंपनी/ब्रांड का उल्लेख करें। | दर प्रति नग में प्रस्तुत करें। |
| 14 | बेल्डिंग राड | 20 पैकेट | -- | दर प्रति पैकेट में प्रस्तुत करें। |
| 15 | पी.वी.सी. पाईप 2" (10 फीट में) | 50 नग | कंपनी/ब्रांड का उल्लेख करें। | दर प्रति नग में प्रस्तुत करें। |
| 16 | पी.वी. सी. पाईप 4"(10 फीट में) | 20 नग | कंपनी/ब्रांड का उल्लेख करें। | दर प्रति नग में प्रस्तुत करें। |
| 17 | पी.वी. सी. पाईप 6"(10 फीट में) | 20 नग | कंपनी/ब्रांड का उल्लेख करें। | दर प्रति नग में प्रस्तुत करें। |
| 18 | प्रोफाइल शीट 4×14 (50 एम.एम मोटी) | 30 नग | कंपनी का उल्लेख करें। | दर प्रति नग में प्रस्तुत करें। |
| 19 | प्रोफाइल शीट 4×16 (50 एम.एम मोटी) | 20 नग | कंपनी का उल्लेख करें। | दर प्रति नग में प्रस्तुत करें। |
| 20 | प्रोफाइल शीट 4×10 (50 एम.एम मोटी) | 20 नग | कंपनी का उल्लेख करें। | दर प्रति नग में प्रस्तुत करें। |
| 21 | लोहा पट्टी | 08 क्विंटल | -- | दर प्रति क्विंटल में प्रस्तुत करें |
| 22 | लोहे का चैरस पाइप | 15 क्विंटल | -- | दर प्रति क्विंटल में प्रस्तुत करें |
| 23 | लोहा एंगल | 10 क्विंटल | -- | दर प्रति क्विंटल में प्रस्तुत करें |
| 24 | लोहे की चादर 2.5 एमएम 3.5×6.5 फिट | 10 क्विंटल | -- | दर प्रति क्विंटल में प्रस्तुत करें |
| 25 | बिट्री फाईट टाइल्स (2×2) | 10 पेटी | कंपनी/ब्रांड का उल्लेख करें। | दर प्रति पेटी में प्रस्तुत करें। |
| 26 | बिजली वायर 2.5 एमएम | 05 बंडल | कंपनी/ब्रांड का उल्लेख करें। | दर प्रति बंडल प्रस्तुत करें। |
| 27 | लोहा जाली चाकौर फेन | 03 क्विंटल | -- | दर प्रति क्विंटल में प्रस्तुत करें |
| 28 | लोहे के चादर युक्त दरवाजा मय चौखट के 3.5×6.5 फिट | 05 नग | --- | दर प्रति नग प्रस्तुत करें। |
| 29 | पी.वी.सी. पाईप 1/2 " (10 फीट में) | 50 नग | कंपनी/ब्रांड का उल्लेख करें। | दर प्रति नग में प्रस्तुत करें। |
| 30 | पी.वी. सी. पाईप 1"(10 फीट में) | 20 नग | कंपनी/ब्रांड का उल्लेख करें। | दर प्रति नग में प्रस्तुत करें। |
| 31 | पी.वी. सी. पाईप 1-1/2"(10 फीट में) | 20 नग | कंपनी/ब्रांड का उल्लेख करें। | दर प्रति नग में प्रस्तुत करें। |
| 32 | एल बो 1/2 " | 50 नग | कंपनी/ब्रांड का उल्लेख करें। | दर प्रति नग में प्रस्तुत करें। |
| 33 | एल बो 1" | 20 नग | कंपनी/ब्रांड का उल्लेख करें। | दर प्रति नग में प्रस्तुत करें। |
| 34 | एल बो 1-1/2" | 20 नग | कंपनी/ब्रांड का उल्लेख करें। | दर प्रति नग में प्रस्तुत करें। |
| 35 | टी 1/2 " | 50 नग | कंपनी/ब्रांड का उल्लेख करें। | दर प्रति नग में प्रस्तुत करें। |
| 36 | टी 1" | 20 नग | कंपनी/ब्रांड का उल्लेख करें। | दर प्रति नग में प्रस्तुत करें। |
| 37 | टी 1-1/2" | 20 नग | कंपनी/ब्रांड का उल्लेख करें। | दर प्रति नग में प्रस्तुत करें। |
| 38 | तार ब्रश | 20 नग | --- | दर प्रति नग प्रस्तुत करें। |

(संतोष हरियाले)
सहायक जेल अधीक्षक,
जिला जेल हरदा (म.प्र.)

सहायक जेल अधीक्षक
जिला जेल हरदा (म.प्र.)

# !! कार्यालय अधीक्षक, जिला जेल हरदा (म.प्र.)!!

## —: वार्षिक ठेका वर्ष 2026—27 (तृतीय आमंत्रण) :—

## —: निविदा की शर्ते :—

1 वित्तीय वर्ष 2026—27 के लिए खाद्यान्न, सब्जी, फल, स्वच्छता सामग्री, विद्युत सामग्री एवं भवन सामग्री के क्रय की कार्यवाही म.प्र. जेल पूर्ति नियम, 1968 एवं मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित—2022) के अंतर्गत ई—टेण्डरिंग के माध्यम से अर्थात ऑनलाइन की जायेगी।

2 निविदा से संबंधित आवश्यक जानकारी वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है । निविदा शुल्क ठेके की लागत 5 लाख तक रू. 500 एवं 5 लाख से अधिक रू. 1000, प्रति निविदा फॉर्म ऑनलाइन लेखा शीर्ष 0056 जेलें—800 अन्य प्राप्तियॉ में करना होगा।

3 निविदाऐं खंडवार पृथक—पृथक ऑनलाइन जमा की जायेंगी । निविदा में 03 प्रतिशत निविदा प्रतिभूति की राशि खंडानुसार www.mptenders.gov.in पर ऑनलाइन स्वीकार की जायेगी। 03 प्रतिशत निविदा प्रतिभूति ( Earnest Money Deposit) की राशि का विवरण खण्डवार निम्नानुसार हैः—

| क्रमांक | खण्ड का नाम | कुल लागत | 03 प्रतिशत प्रतिभूति की राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | खाद्यान्न | 80,00,000 | 2,40,000 |
| 02 | सब्जी—फल | 13,00,000 | 39,000 |
| 03 | स्वच्छता | 08,00,000 | 24,000 |
| 04 | विद्युत/एलपीजी गेस संयंत्र सामग्री | 4,50,000 | 13,500 |
| 05 | भवन सामग्री | 10,00,000 | 30,000 |

4 वार्षिक ई—निविदा में दर्शायी गई वस्तुओं के भाव अधिकतम दिनांक 30.06.2027 अथवा अगले वर्ष का ठेका स्वीकृत होने तक, जो भी प्रथम हो, वैद्य रहेंगे ।

5 खाद्य वस्तुओं की गुणवत्ता औसत स्तर की होनी चाहिए। प्रत्येक निविदाकार को सामग्री की दरें ऑनलाइन प्रस्तुत करनी होगी। निविदा में जो दरें प्रस्तुत की जायें वे समस्त करों सहित होनी चाहिए। पृथक से कोई कर देय नहीं होगा।

6 उन्हीं निविदाकारों की निविदा स्वीकृत होगी, जो वस्तु एवं सेवाकर (GST) के अंतर्गत रजिस्टर्ड व्यापारी होंगे। प्रत्येक निविदाकारों को निविदा के साथ निविदा विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तिथि से पिछले तीन माह का जी.एस.टी. रिटर्न अथवा पिछली तिमाही (Quarter) का जी.एस.टी. रिटर्न प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

7 निविदाऐं संबंधित जेल कार्यालय में उपस्थित निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों एवं क्रय समिति की उपस्थिति में निर्धारित तिथि को नियत समय पर खोली जायेगी। तिथि परिवर्तन की सूचना www.mptenders.gov.in पर अपलोड कर एवं जेल के सूचना पटल पर लिखित में चस्पा कर दी जायेगी एवं निविदाकारों को अनिवार्य रूप से सूचित किया जायेगा।

8 प्रत्येक निविदाकार द्वारा निविदा के साथ आवश्यक रूप से कारागार अधिनियम, 1894 की धारा–10 एवं जेल मुख्यालय, (म.प्र.) भोपाल के परिपत्र क्रमांक 05/वारंट–3/भोपाल, दिनांक 28.01.2015 के प्रावधान अनुसार क्रमशः प्रपत्र–(अ) एवं (ब) में पृथक–पृथक 200–200 रूपये के नॉन ज्युडिशियल स्टांप पर मूल प्रति में नोटरी द्वारा प्रमाणित कर पूर्ण रूप से अद्यतन स्थिति में शपथ पत्र भी आवश्यक रूप से बनाये व इसको ई–टेण्डर पोर्टल पर अपलोड करें। शपथ पत्र भारतीय स्टाम्प (मध्य प्रदेश संशोधन) अधिनियम 2014 की अनुसूची 01–क के अनुच्छेद क्रमांक 45 के अनुसार पब्लिक नोटरी पर 50 रू. का टिकिट लगाना ही विधि अनुसार मान्य रहेगा। शपथ पत्र के अभाव में निविदा मान्य नहीं होगी। प्रत्येक जेल की निविदा के लिए पृथक–पृथक शपथ पत्र बनायें जायें । शपथ पत्रों का प्रारूप निम्नानुसार हैः–

**शपथ पत्र–(अ)**

(कारागार अधिनियम–1894 की धारा–10 के प्रावधान के अनुरूप)

मैं.............................................जो केन्द्रीय/जिला/सब जेल .............................................के लिए सामग्री प्रदाय हेतु फर्म .....................................................की ओर से निविदा प्रस्तुत कर रहा हूँ, शपथपूर्वक घोषणा करता हूँ कि निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म ..................................................के मालिक/भागीदार अथवा कोई निकट परिजन मध्यप्रदेश जेल विभाग में किसी भी स्थान पर, किसी भी पद पर नियोजित नहीं है।

हस्ताक्षर शपथकर्ता

**शपथ पत्र–(ब)**

(जेल मुख्यालय के परिपत्र क्रमांक 05/वारंट–3 बंदी मृत्यु /2015 /भोपाल दिनांक 28.01.2015)

मै.....................................................जो केन्द्रीय/जिला/सब जेल .................................के लिए सामग्री प्रदाय हेतु फर्म .......................................................की ओर से निविदा प्रस्तुत कर रहा हूँ, शपथ पूर्वक घोषणा करता हूँ कि निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म .........................................................................के मालिक/भागीदार किसी आपराधिक प्रकरण में जेल से जमानत पर रिहा नहीं है।

हस्ताक्षर शपथकर्ता

9 तहसील/मंडी या खाद्यान्न क्रय समिति की दरें निविदा खोलने की दिनांक के पूर्व प्राप्त न होने की स्थिति में, क्रय समिति के विवेक पर एक सप्ताह में प्राप्त करने की शर्त पर, निविदा खोलने की तिथि बढ़ाई जा सकेगी।

10 निविदा में निविदाकारों द्वारा निम्नानुसार स्वयं हस्ताक्षरित एवं फर्म की सील सहित दस्तावेज ऑनलाइन पोर्टल www.mptenders.gov.in पर अपलोड कराये जायेंगे। तकनीकी बिड खुलने के पश्चात् ऑनलाइन अपलोड दस्तावेजों का क्रय समिति द्वारा परीक्षण कर, हस्ताक्षर किये जावेंगे। अपठनीय, अस्पष्ट एवं संदेहास्पद दस्तावेज की मूलप्रति मांगकर जेल अधीक्षक तस्दीक करेंगे। निविदाकार द्वारा मूल प्रतियॉ प्रस्तुत न करने की दशा में उसकी 03 प्रतिशत निविदा प्रतिभूति की राशि (E.M.D.) राजसात कर ली जायेगी। तकनीकी बिड में पात्र निविदाकर्ता के ही वित्तिय प्रस्ताव (Finncial bid) खोले जायेंगे –:

I. आधार कार्ड एवं पैन कार्ड।
II. मध्यप्रदेश दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 1958 के अधीन पंजीकरण का वैद्य प्रमाण पत्र ।
III. जी.एस.टी. पंजीयन एवं निविदा विज्ञप्ति प्रकाशन होने की तिथि से पिछले तीन माह का जीएसटी रिटर्न अथवा पिछली तिमाही (Quater) का जी.एस.टी.रिटर्न ।
IV. विगत 03 वर्षों का आयकर रिटर्न प्रमाण–पत्र।
V. शपथ पत्र "अ" एवं "ब"।
VI. अनाज एवं सब्जी विक्रय हेतु कृषि उपज मंडी समिति का वैद्य लायसेंस।
VII. खाद्य वस्तुओं के लिए खाद्य संरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के अधीन रजिस्ट्रेशन अथवा वैद्य अनुज्ञप्ति (लायसेंस)।
VIII. वस्तुओं के व्यापार संबंधी नगर निगम/नगर पालिका/नगर परिषद का वैद्य लायसेंस। इन संस्थाओं द्वारा वैद्य लायसेंस जारी न करने की दशा में उनका स्पष्ट रूप से अनापत्ति प्रमाण पत्र।
IX. निविदा में उल्लेखित सामग्रियों के अपेक्षित नमूनो से संबंधित–पत्र।
X. वस्तुओं के ब्रांड से संबंधित–पत्र।
XI. निविदाकार फर्म का नाम किसी भी विभाग में काली सूची (Blacklist) में नहीं होने का घोषणा पत्र ।

11 निविदा के साथ संलग्न किये गये दस्तावेजों का उनके जारीकर्ता विभाग से सत्यापन कराया जा सकता है। सत्यापन के दौरान यदि दस्तावेज फर्जी अथवा गलत पाये जाते हैं, तो संबंधित व्यापारी का ठेका निरस्त कर, उसके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

12 निविदा में उल्लेखित खाद्यान्न एवं अन्य सामग्री के अपेक्षित नमूने निविदाकार को नियत तिथि एवं निर्धारित समय तक प्रस्तुत करने होंगे। निविदाकार जिन सामग्रियों के लिए निविदा प्रस्तुत कर रहे हैं, उन सामग्रियों के ब्रांड तथा मेक का स्पष्ट उल्लेख करना आवश्यक हैं। नमूने प्राप्त न होने अथवा सामग्री के नाम के साथ ब्रांड के नामों का उल्लेख न होने पर निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। नमूने 500–500 ग्राम के पारदर्शी डिब्बों में समान गुणवत्ता वाले दो–दो पैक में फर्म का नाम लिखकर, नमूनों को पूर्णतः सीलबन्द कर, स्वहस्ताक्षरित फर्म की सील लगाकर प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

13 नमूने का परीक्षण उपस्थित निविदाकारो या उनके प्रतिनिधियों तथा संबंधित जेल की क्रय समिति की उपस्थिति में किया जायेगा। जेल क्रय समिति द्वारा स्वीकृत नमूनों पर हस्ताक्षर कर, सील बंद डिब्बे में रखे जायेंगे। निविदाकारों द्वारा प्रदाय वस्तुऐं साफ–सुथरी होंगी और नमूनों से मिलाई जायेंगी, व्यापारियों द्वारा प्रदाय माल का मिलान नमूने के मुताबिक होने या न होने की घोषणा जेल अधीक्षक द्वारा की जायेगी, जो मान्य होगी ।

14 निविदा में दर्शायी गई सामग्री की मात्रा अनुमानित है। आवश्यकता पड़ने पर सामग्री की मात्रा कम या अधिक की जा सकती है। सफल निविदाकर्ता को निर्धारित अवधि में सामग्री का प्रदाय स्वीकृत ट्रेडमार्क या नमूने के अनुरूप करना होगा। कोई भी सामग्री उपरोक्तानुसार न होने पर स्वीकार नहीं की जायेगी। अस्वीकृत माल ठेकेदार को अपने व्यय से तुरन्त वापस ले जाकर, नमूने अनुसार माल प्रदाय करना होगा। प्रदाय न करने पर खुले बाजार से माल क्रय किया जाकर शासन को हुए अधिक व्यय की वसूली संबंधित ठेकेदार से की जायेगी। यह वसूली भू–राजस्व के बकाया के रूप में या उसकी जमा निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) राशि में से की जा सकेगी, साथ ही उसे भविष्य के लिए ब्लैक लिस्टेड करने हेतु कार्यवाही की जायेगी।

15 सब्जी एवं फल साफ, ताजी प्रदाय करनी होगी, जो प्रातः 7:00 बजे से 9:00 बजे तक अनिवार्य रूप से जेल गेट तक पहुँचानी होंगी। निर्धारित समय तक सब्जियॉ प्राप्त न होने पर बंदियों की भोजन व्यवस्था बनाये रखने के लिए खुले बाजार से क्रय की जायेंगी, जिस पर शासन को हुए अधिक व्यय की वसूली ठेकेदार को देय किसी भी रकम से की जा सकेगी। ठेकेदार द्वारा विलंब से भेजी गई सब्जियॉ वापस कर दी जायेंगी, जिसके लिए ठेकेदार स्वयं उत्तरदायी होंगे। जेल बगीचे से सब्जियॉ उपलब्ध न होने की दशा में ही ठेकेदार से क्रय की जायेंगी।

16 निविदा में उल्लेखित सभी वस्तुऐं शासकीय/अर्धशासकीय/शासन द्वारा अधिकृत संस्थाओं द्वारा प्रदाय न करने की स्थिति में ही, स्वीकृत निविदाकारों से क्रय की जायेगी।

17 जिस निविदाकार की निविदा जेल क्रय समिति द्वारा स्वीकार करने की अनुशंसा की गई हो, उसे 10 दिवस के अन्दर पंजीयन एवं स्टाम्प (वाणिज्यिक कर) विभाग म.प्र. के 200 रूपये स्टांप शुल्क के नॉन ज्युडिशियल स्टांप पर करारनामा भरना होगा, जिसकी प्रति संबंधित जेल के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

18 सशर्त निविदा मान्य नहीं की जायेगी। ठेके की शर्तों के क्रियान्वयन के लिए सफल निविदाकर्ता निविदा में लेख रकम के बराबर का शोध क्षमता प्रमाण–पत्र या उसके बदले में निविदा की रकम के 03 प्रतिशत तक निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarntee) डिमांड ड्राफ्ट/मियादी जमा रसीद/बैंकर्स चैक/बैंक गारंटी/Irrevocable के रूप में देगा, बैंक गारंटी का सत्यापन संबंधित बैंक से कराया जायेगा। प्रतिभूति की राशि जेल अधीक्षक के नाम से देय होगी। 03 प्रतिशत निष्पादन प्रतिभूति राशि निविदा स्वीकृत होने के 10 दिवस के अन्दर जमा करनी होगी।

19 निविदा महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाऍ, जेल मुखलय, (म.प्र.) भोपाल, के अनुमोदन उपरान्त ही मान्य होगी। निविदा खुलने के बाद, यदि न्यूनतम दर वाली निविदाकर्ता (L1) निविदा वापस लेते हुये करारनामा भरने एवं निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) जमा करने से इन्कार करता है, तो उसका टेन्डर निरस्त करते हुये उसके द्वारा जमा की गई 03 प्रतिशत निविदा प्रतिभूति (Earnest Money Deposit) की राशि जप्त कर ली जायेगी और संबंधित खंड/सामग्री की निविदा पुनः आमंत्रित की जायेगी।

20 सफल निविदाकर्ता को समस्त पूर्तियॉ समझौते के अनुसार किश्तों में आवश्यकतानुसार दैनिक/साप्ताहिक/पाक्षिक/मासिक इन्डेंट के आधार पर संबंधित जेल गेट पर करनी होगी। इसके लिए कोई अतिरिक्त भाड़ा देय नहीं होगा। इंडेंट प्राप्त करने की जबावदारी निविदाकार की होगी।

21 प्रत्येक निविदाकार को पत्राचार करने के लिए अपने अधिकृत मोबाइल नम्बर/Whatsapp Number/ ई–मेल आईडी देना अनिवार्य होगा। जिन निविदाकारों ने निविदा प्रस्तुत करते समय फर्म के प्रिंटेंड लेटर पेड पर मोबाइल नम्बर/व्हाटस एप नम्बर/ई–मेल आई डी में से कोई एक भी अंकित किया है। तो उसे भी मान्य किया जावेगा। उक्त अधिकृत माध्यमों पर दी गई सूचना सभी प्रयोजनों के लिए मान्य होगी।

22 देयकों का भुगतान संबंधित जेल द्वारा ई–पेमेन्ट के माध्यम से किया जायेगा। सामग्री के भुगतान के समय नियमानुसार जो भी कर (टेक्स) काटने योग्य होगा, काटा जायेगा। विशेष परिस्थिति में भुगतान हेतु, डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक पर बैंक का कमीशन भी व्यापारी से काटा जायेगा। देयकों के भुगतान में विलंब होने के कारण वस्तुओं का प्रदाय रोकने का अधिकार ठेकेदार को नहीं होगा।

23 महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाऐं, जेल मुख्यालय (म.प्र.), भोपाल को संबंधित जेल की क्रय समिति द्वारा अस्थाई रूप से स्वीकार की गई निविदा की पुष्टि करने या अभिलिखित कारणों के आधार पर उसे अंशतः स्वीकृत या नामंजूर करने का अधिकार है।

25 निविदा तथा करारनामें के अनुसार पूर्ति के संबंध में सभी विवाद संबंधित जेल के जिले में स्थित सक्षम न्यायालय के क्षेत्राधिकार में होंगे।

नोट– ऐसे निविदाकार जो निविदा में किसी सामग्री की दर प्रस्तुत नही करना चाहते है, तो वह 00 डालते है जिससे एल–1 प्रभावित होता है। अतः जिन सामग्रियों की दर प्रस्तुत नही करनी है उन सामग्रियों के लिए 00 दर्ज करने के स्थान पर **Not Quoted** के विकल्प का प्रयोग निविदाकार द्वारा किया जावे।

(संतोष हरियाल)
सहायक जेल अधीक्षक,
जिला जेल हरदा (म.प्र.)

सहायक जेल अधीक्षक
जिला जेल हरदा (म.प्र.)

Signature Not Verified
Digitally signed by MANISHA
Date: .. :: IST
Location: Madhya Pradesh-MP